नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक.................................                                                                                    दिनांक : 22.08.2020

# ऑनलाइन छात्रसंघ चुनाव २०२०-२१
## नियमावली

1. सभी संस्थागत विद्यार्थी (स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नाकोत्तर अन्तिम वर्ष एवं बी.एड. द्वितीय वर्ष को छोड़कर) मतदाता होंगे। मतदाता होने के लिए सम्बन्धित विभाग में अपना ई–मेल देकर 23 अगस्त सांय 06 बजे तक मतदाता पंजीकरण अवश्य करा लें। मतदाता सूची में पंजीकृत न होने वाले विद्यार्थी मतदाता नहीं होंगे।
2. चुनाव अधिकारी द्वारा 24 अगस्त को मतदाता सूची कक्षाध्यापन वाट्सएप ग्रुप पर एवं वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा।
3. यदि किसी विद्यार्थी को मतदाता सूची पर कोई आपत्ति है या उनका नाम निर्धारित तिथि पर पंजीकृत कराने के बावजूद छूट गया है, तो 25 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक महाविद्यालय में चुनाव अधिकारी कार्यालय मे ंउपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।
4. कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव मासिक–मूल्यांकन, उपस्थिति, आचरण–व्यवहार के संयुक्त मूल्यांकन अंक के श्रेष्ठता के आधार पर होगा।
5. चुने गए कक्षा प्रतिनिधियों की सूची 26 अगस्त सांय 04 बजे तक महाविद्यालय की वेबसाइट पर एवं कक्षाध्यापन वाट्सएप ग्रुप पर डाल दी जाएगी।
6. चुने गए कक्षाप्रतिनिधि 26 अगस्त को चुनाव अधिकारी द्वारा जारी गुगल फार्म लिंक पर अपना नामांकन सायं 06 बजे से 09 बजे तक कर सकेंगे। इन्टरनेट की समस्या पर उसी समय के दौरान (सायं 06 से 08 बजे) चुनाव अधिकारी के मोबाईल नं0 9935510927 पर सम्पर्क कर सकेंगे। आवश्यक होने पर चुनाव अधिकारी निर्णय ले सकेंगे। किन्तु रात्रि 09 बजे तक नामांकन करना अनिवार्य होगा।
7. यदि कोई प्रत्याशी अपना नामांकन वापस लेना चाहता है, तो वह 27 अगस्त को पूर्वाहन 10 बजे तक महाविद्यालय के ई–मेल mpmpg5@gmail.com पर आग्रह कर सकता है।
8. पूर्वाहन 11 बजे सभी वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी।
9. सभी प्रत्याशियों का प्रचार कक्षाध्यापन वाट्सएप ग्रुप, वेबसाइट, फेसबुक पर महाविद्यालय द्वारा जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।
10. योग्यता भाषण हेतु सभी प्रत्याशियों को महाविद्यालय में 27 अगस्त को 12 बजे तक पहुंचना होगा। 12.30 बजे से उनका योग्यता भाषण महाविद्यालय के फेसबुक एंव यू–ट्यूब चैनल पर लाइव होगा। प्रत्याशी के साथ किसी भी अन्य का महाविद्यालय में आना चुनाव आचार संहिता का उलंघन माना जाएगा।
11. 28 अगस्त को प्रातः 08 बजे सभी विद्यार्थियों (मतदाता) को उनके ई–मेल पर मतदान हेतु मतदान का लिंक भेज दिया जाएगा। पूर्वाह्न 11 बजे तक मतदान किया जा सकेगा, तत्पश्चात लिंक बंद हो जाएगा।
12. इन्टरनेट अथवा किसी भी अन्य वैधानिक कारण से यदि कोई पंजीकृत मतदाता मतदान नहीं कर पाता, तो दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर आनलाइन मतदान न कर पाने का प्रामाणिक कारण देते हुए मतदान कर सकता है।

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com


**13.** मतदान सम्पन्न होने के पश्चात 28 अगस्त को ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

**14.** छात्रसंघ चुनाव हेतु प्राचार्य की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय छात्रसंघ चुनाव पर्यवेक्षक समिति इस सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया का सभी आयामों से निरीक्षण करती रहेगी एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने का कार्य करेगी। इस समिति के निम्न पदाधिकारी एवं सदस्य होंगे–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. आर.एन. सिंह (विज्ञान) | सदस्य |
| 3. | डॉ. अविनाश प्रताप सिंह (कला) | सदस्य |
| 4. | श्रीमती शिप्रा सिंह (बी.एड.) | सदस्य |
| 5. | सुश्री श्वेता चौबे (वाणिज्य) | सदस्य |
| 6. | श्री विपिन यादव | अध्यक्ष, शिक्षक अभिभावक |
| 7. | श्री मनीष त्रिपाठी | अध्यक्ष, पुरातन छात्रपरिषद |
| 8. | श्री आशीष राय | पूर्व अध्यक्ष, छात्रसंघ |
| 9. | श्री अजय सिंह | सदस्य, अकादमिक सलाहकार समिति |

**15.** चुनाव अधिकारी के किसी भी निर्णय के विरूद्ध प्राचार्य की अध्यक्षता में गठित पर्यवेक्षण चुनाव समिति के पास अपील की जा सकती है। इस समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

डॉ. विजय कुमार चौधरी
चुनाव अधिकारी
छात्रसंघ